कार्यालय वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखंड, अल्मोड़ा।

Email : cfkumaon_north@rediffmail.com , ☎ (05962) 231099 Fax : 230397

पत्रांक – 353 / 12–1 अल्मोड़ा, दिनांक, 30.07.2015.

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़।

विषय :– **बलुवाकोट से काण्डा मोटर मार्ग (प्रस्ताव संख्या 8888 / 2014)।**

संदर्भ :– आपका ऑन–लाइन प्रस्ताव दिनांक 30.07.2015।

महोदय,

संदर्भित मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में आपके स्तर से जो ऑन–लाइन प्रस्ताव प्रेषित किया गया है उसके हॉड–कॉपी के अवलोकन से निम्न कमी संज्ञान में आयी है–

1. प्रस्तावित मोटर मार्ग के संरेखण संख्या 2 में प्रभावित होने वाले वृक्षों की व्यासवार (Girth Class Wise) सूची प्रस्ताव में संलग्न नही है। इस सम्बन्ध में V.C में भी चर्चा के दौरान यह प्रकरण आया कि मोटर मार्ग के वैकल्पिक संरेखण में प्रभावित होने वाले वृक्षों की सूची प्रस्ताव में अंकित की जाय। अतः वैकल्पिक संरेखण में प्रभावित होने वाले वृक्षों की सूची प्रस्ताव में संलग्न की जाय। भविष्य में ऑन–लॉइन किये जाने वाले सभी प्रस्तावों में वैकल्पिक संरेखण में प्रभावित होने वाले वृक्षों की व्यासवार (Girth Class Wise) सूची भी संलग्न की जाय।

2. हार्ड–कॉपी के प्रपत्र 15.4 में सूचित वृक्ष पार्ट– II में सूचित वृक्षों की (Girth Class Wise) संख्या में भिन्नता है।

कृपया उक्त आपत्तियों का निराकरण कर प्रस्ताव पुनः प्रेषित करें।

भवदीय
30/7
(प्रेम कुमार)
वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

D:\Land Transfar on line\format\CF To dfo Land Transfer letter.doc